
बर्षः- 06
अंकः- 16
मुरादाबाद
(Thursday)
07 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## हैदराबाद हाउसः भारत और वियतनाम ने 13 समझौतों पर किए हस्ताक्षर, साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले पीएम मोदी



वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हैदराबाद हाउस में बैठक की और फिर एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। दोनों देशों के बीच 13 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं।भारत दौरे पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम ने बुधवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले साल जब भारत से पवित्र बौद्ध अवशेष वियतनाम भेजे गए, तो डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों ने उनके दर्शन किए थे। हम चंपा संभ्यता की पांडुलिपियों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखेंगे और इस अमूल्य विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखेंगे। एक दशक में दोगुना हुआ द्विपक्षीय व्यापार- उन्होंने कहा, एक दशक पहले वियतनाम की मेरी यात्रा के दौरान वियतनाम आसियान में भारत का पहला व्यापक रणनीतिक साझेदार बना था। तब से हमारे संबंधों और हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। सभ्यताओं के साथ-साथ हमारे व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन के संबंध भी मजबूत हुए हैं। इसी मजबूत नींव पर आगे बढ़ते हुए आज हम अपने संबंधों को आधुनिक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 16 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। साझेदारी में विरासत और विकास अहम- इसके अलावा, उन्होंने अपने भारत दौरे की शुरुआत बोधगया से की। यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपराओं को दर्शाता है। उनके इस दौरे और हमारी सार्थक चर्चाओं के माध्यम से हम अपनी आपसी सद्भावना को ठोस नतीजों में बदल रहे हैं। भारत और वियतनाम के बीच साझेदारी में विरासत और विकास, दोनों ही अहम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे भारत में राष्ट्रपति तो लाम का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल और कई व्यापारिक दिग्गजों के साथ उनका भारत दौरा स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि वह भारत-वियतनाम संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं।दोनों देशों के बीच 13 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। जो इस प्रकार से हैं- आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड और वियतनाम के इंस्टीट्यूट फॉर टेक्नोलॉजी ऑफ रेडियोएक्टिव एंड रेयर एलिमेंट्स (आईटीआरआरई) के बीच आपसी सहयोग पर समझौता। भारत के संस्कृति मंत्रालय और वियतनाम के संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय के बीच 2026-30 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वियतनाम के स्टेट बैंक (एसबीवी) के बीच भुगतान प्रणालियों और डिजिटल भुगतान में नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता। भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत औषधि प्रशासन (डीएवी) के बीच चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) और हो ची मिन्ह सिटी पीपल्स कमेटी के बीच मित्रता और सहयोग बढ़ाने पर समझौता। आईसीसीआर और यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड एजुकेशन (दा नांग विश्वविद्यालय) के बीच आईसीसीआर चेयर ऑफ इंडिया स्टडीज की स्थापना पर समझौता। राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय और हनोई स्थित हो ची मिन्ह नेशनल एकेडमी ऑफ पॉलिटिक्स (एचसीएमए) के बीच समझौता। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और वियतनाम के नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनएपीएएस) के बीच समझौता भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) कार्यालय और वियतनाम के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की लेखा परीक्षा के क्षेत्र में समझौता। भारत के पर्यटन मंत्रालय और वियतनाम के खेल, संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के बीच पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता। आईसीसीआर और यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज के बीच %आईसीसीआर चेयर ऑफ इंडियन स्टडीज% की स्थापना पर समझौता। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वियतनाम के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता। संस्कृति मंत्रालय के %ज्ञान भारतम और वियतनाम नेशनल यूनिवर्सिटी (हो ची मिन्ह सिटी) के तहत यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज के बीच चाम पांडुलिपियों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने पर समझौता।

हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक- प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में राष्ट्रपति लाम के साथ बैठक की। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनका औपचारिक स्वागत किया गया, जिससे उनके भारत के पहले राजकीय दौरे की शुरुआत हुई। वियतनाम के राष्ट्रपति का स्वागत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। यह दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दिखाता है। स्वागत समारोह में बच्चों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर भारत और वियतनाम के राष्ट्रीय ध्वज लहराए। सबसे पहले बोधगया गए वियतनामी राष्ट्रपति लाम- राष्ट्रपति तो लाम मंगलवार को भारत पहुंचे और सबसे पहले बोधगया गए, जहां उन्होंने महाबोधि मंदिर में पूजा की। बिहार में उनका स्वागत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इसके बाद वह दिल्ली आए, जहां हवाई अड्डे पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति तो लाम के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत होने वाली है, जिसमें दोनों देशों के संबंध, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे शामिल हैं। राष्ट्रपति मुर्मू भी उनसे अलग से मुलाकात करेंगी। इसके अलावा, कई वरिष्ठ अधिकारी भी उनसे मिलेंगे। एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की- बैठकों से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी पर चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर में देश की अत्याधुनिक गोला-बारूद फैक्टरी लगेगी, इंग्लैंड की कंपनी करेगी निवेश

इंग्लैंड की हथियार निर्माता कंपनी वेब्ले एंड सियाल सेना, अर्धसैनिक बलों और अधिकृत सुरक्षा एजेंसियों के लिए विभिन्न कैलिबर के कारतूस और हथियार सामग्री तैयार करेगी। यह इकाई सिर्फ गोला-बारूद ही नहीं, बल्कि प्राइमर और अन्य जरूरी घटकों का भी निर्माण करेगी।उत्तर प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। विश्वविख्यात इंग्लैंड की हथियार निर्माता कंपनी वेब्ले एंड सियाल अब लखनऊ नोड में अत्याधुनिक गोला-बारूद (एम्युनिशन) निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह यूनिट सेना, अर्धसैनिक बलों और अधिकृत सुरक्षा एजेंसियों के लिए विभिन्न कैलिबर के कारतूस और हथियार सामग्री तैयार करेगी।वेब्ले एंड सियाल ग्रुप के चेयरमैन जॉन ब्राइड और निदेशक मनिंदर सियाल के मुताबिक इसे देश की सबसे बड़ी एम्युनिशन इकाइयों में से एक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी ने पहले चरण में करीब 100 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है, जिसे अगले तीन वर्षों में बढ़ाकर 300 करोड़ रुपये तक ले जाया जाएगा। इस प्लांट में 9म19 मिमी, 5.56म45 मिमी, 7.62म39 मिमी, 7.62म51 मिमी और 12.7 मिमी जैसे रक्षा-ग्रेड गोला-बारूद का उत्पादन 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य है।यह इकाई सिर्फ गोला-बारूद ही नहीं, बल्कि प्राइमर और अन्य जरूरी घटकों का भी निर्माण करेगी,

## अखिलेश बोले- चुनाव में भाजपा ने बेईमानी की, इसके सैकड़ों वीडियो और शिकायतों के बंडल मेरे पास मौजूद



अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर अनियमितताएं हुईं और उनके पास इसके सबूत हैं। उपचुनाव को लेकर भी उन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया।समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि INDI गठबंधन लोकसभा चुनाव में आखिरी वक्त तक मजबूती से खड़ा रहा और जीत हासिल की, लेकिन अल्पमत की सरकार बनने के बाद भी विपक्षी दलों के साथ बेईमानी की गई। अखिलेश यादव ने चंडीगढ़ और कुंदरकी सहित विभिन्न स्थानों पर हुई कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा के 10 नम्बरी मॉडल का जिक्र किया। सत्ता बनाए रखने की कोशिश - आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में धांधली कर सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है। उपचुनाव में मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का खेलकुंदरकी और रामपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन चुनावों में भारी धांधली हुई है। उन्होंने इसे मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का खेल बताया और आरोप लगाया कि वोटों की डकैती की गई। अखिलेश ने बंगाल हिंसा की निंदा की और सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि बंगाल चुनाव परिणाम पर संज्ञान ले तथा मतगणना लाइव प्रसारित की जाए। उन्होंने कहा कि INDI गठबंधन बना रहेगा और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल में वोट की शर्मनाक लूट - सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने वोट की शर्मनाक लूट की। पुलिस प्रशासन का अवैध इस्तेमाल करने में उसे कतई संकोच नहीं किया। उत्तर प्रदेश में पीडीए की काट भाजपा के पास नहीं है। पीडीए का वोट सबसे ज्यादा है। इसलिए भाजपा बौखलाई हुई है। अखिलेश मंगलवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान दोनों को बचाने की बड़ी लड़ाई होगी। सपा आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देने के लिए संकल्पित है। महिलाओं का आरक्षण पार्टी आधारित होना चाहिए। पहले जातीय जनगणना हो, फिर आबादी के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था लागू हो। इस दौरान सपा अध्यक्ष ने प्रतापगढ़ के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपर छात्रों सत्यम यादव एवं ईशान शुक्ला को लैपटॉप देकर सम्मानित किया।

## भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता, राहुल बोले- निष्पक्ष चुनाव हुए तो 140 सीटें भी नहीं जीतेंगे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लोकसभा में पार्टी के हर छठे सांसद ने धांधली के जरिए जीत हासिल की है। साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार के लिए घुसपैठिया शब्द का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में भाजपा के हर छठे सांसद ने वोट चोरी के जरिए जीत हासिल की है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अगर देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं तो बीजेपी 140 सीटें भी नहीं जीत पाएगी।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि वोट चोरी से कभी एक सीट चुराई जाती है और कभी पूरी सरकार। लोकसभा में बीजेपी के 240 सांसदों में लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी करके पहुंचा है।हरियाणा सरकार को बोला घुसपैठिया- उन्होंने भाजपा पर हमला तेज करते हुए कहा कि ऐसे सांसदों की पहचान करना मुश्किल नहीं है। राहुल गांधी ने भाजपा की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए सवाल किया कि क्या ऐसे लोगों को घुसपैठिया कहा जाना चाहिए। उन्होंने हरियाणा सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि वहां पूरी सरकार ही घुसपैठिया है। चुनावी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप- कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर किया जा रहा है और जिन संस्थाओं को निष्पक्ष होना चाहिए, वे रिमोट कंट्रोल से चलाई जा रही हैं। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा को सबसे ज्यादा डर सच से लगता है। अगर आज निष्पक्ष चुनाव हो जाएं तो वे 140 सीटें भी नहीं जीत पाएंगे। राहुल ने विधानसभा चुनावों के परिणामों पर भी लगाए थे आरोप

इससे एक दिन पहले भी राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत को जनादेश की चोरी करार दिया था। उन्होंने कहा था कि यह भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की बीजेपी की बड़ी रणनीति का हिस्सा है।

## पंजाब में धमाकों पर सियासतः सीएम मान ने कहा- भाजपा ने करवाए ब्लास्ट, बीजेपी का पलटवार- सबूत दें या फिर इस्तीफा



पंजाब के जालंधर और अमृतसर में बीएसएफ के हेडक्वार्टर्स के बाहर मंगलवार रात दो धमाके हुए थे। पुलिस के साथ ही एनआईए अब मामले की जांच कर रही है। पंजाब में अमृतसर और जालंधर में मंगलवार रात हुए धमाकों पर अब सियासत भी गरमा गई है। सीएम भगवंत मान ने श्री आनंदपुर साहिब में कहा कि इन धमाकों की जांच चल रही है। यह पंजाब चुनावों के लिए भाजपा की तैयारी है। भाजपा लोगों के बीच हिंसा और डर फैलाकर वोट हासिल करती है। मैं भाजपा से कहना चाहता हूं कि वह ऐसा करना बंद करे। पंजाब के लोग हमेशा शांति चाहते हैं। बीजेपी को जहां भी चुनाव लड़ना होता है, वह वहां जाकर झगड़े करवाती है। मान पंजाब के गृह मंत्री भी हैं। भाजपा की कड़ी प्रतिक्रिया- वहीं भाजपा ने सीएम के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। भाजपा की तरफ से सीएम को अपने आरोपों के सबूत देने के लिए कहा गया है। साथ ही भाजपा ने कहा कि अगर बिना सबूत सीएम मान ने ये बात कही है तो इस्तीफा दें। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने भगवंत मान को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें दम है तो वे भाजपा और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर दिखाएं। भाजपा की तरफ से कहा गया कि लगता है कि भगवंत मान की दिमागी हालत ठीक नहीं है। उनको इस्तीफा दे देना चाहिए और अपना सही इलाज करवाना चाहिए। वे इसे मैनेज करने में पूरी तरह फेल हो गए हैं। भाजपा पर कीचड़ उछालकर जो गंदी पॉलिटिक्स कर रहे हैं, वह उनकी घटिया सोच का सबूत है। पंजाब के लोग पिछले साढ़े 4 साल से गोलियों, धमाकों, हत्याओं और रोज़ाना होने वाली घटनाओं से परेशान हैं, जो आप की निकम्मी सरकार की देन है। भाजपा के लिए पंजाब की शांति और भाईचारा सबसे जरूरी और सबसे पहले है। भाजपा हमेशा पंजाब के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। जाखड़ बोले-धमाकों से ज्यादा सीएम का बयान चिंताजनक- पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि जालंधर और अमृतसर में हुए बम धमाके गंभीर चिंता का विषय हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंताजनक मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का बयान है। जहां एक तरफ पंजाब के डीजीपी इन घटनाओं के पीछे पाकिस्तान की आईएसआई का हाथ होने की ओर इशारा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री, राजनीति से प्रेरित होकर, गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। उनके बयानों से घबराहट और अपनी कुर्सी खोने का डर साफ झलकता है। बेहतर होगा कि वे अपनी कुर्सी की चिंता करना छोड़ दें और इसके बजाय पुलिस को अपना असली काम करने दें

## संपादकीय Editorial

# Opening the Way for Oil Purchases

The United Arab Emirates (UAE) has announced its withdrawal from OPEC and OPEC+, opening up another secure route for India's crude oil supply. If the UAE leaves OPEC on May 1st, it will spark renewed competition in the international oil market, potentially leading to a drop in oil prices. OPEC is an organization of oil-producing and exporting countries. Saudi Arabia currently leads it. After nearly 59 years of participation, the UAE has decided to withdraw. There are several reasons for this. The Iran War and Iran's blockade of the Strait of Hormuz have created a severe energy crisis, especially in countries in Asia, Africa, and Latin America. In this context, the UAE's decision is a boon for India. Currently, India purchases approximately $140 billion worth of oil annually. If oil prices fall by $1, India's import bill would be reduced by ?10,000 crore. If the UAE's decision is implemented, India could save between ?50,000 crore and ?1 lakh crore annually. This is no small amount. Significantly, the UAE will be able to freely export any amount of oil to India, and the supply will be uninterrupted, as the route will bypass the Strait of Hormuz. India currently buys the highest amount of oil from Russia, at 1.57 million barrels per day. This represents over 38% of Russia's oil needs. On average, we buy 62.2 million barrels of crude oil from Saudi Arabia and 43.5 million barrels from the United Arab Emirates (UAE) every day. India is such a vast country, with a population of over 1.47 billion, the largest in the world, that our oil needs are also vast. Besides Russia, Saudi Arabia, and the UAE, India also imports crude oil from countries like the United States, Algeria, Angola, and Canada. India has been importing 35-50% of its oil through the Strait of Hormuz. Approximately 42% of LNG and 88% of LPG imports also flow through the Strait of Hormuz. Despite the Iran war, approximately 4 million barrels of Iranian oil and other tankers have reached India via the Strait of Hormuz. India needs continuous and uninterrupted oil imports, so as the UAE formulates its oil policy after its separation from OPEC, a strategic partner like India will be a top priority. Payment terms may also be flexible, and purchases can be made in Indian currency (rupees). During the Iran war, when UAE oil facilities and refineries were attacked and the Strait of Hormuz blocked supply chains, OPEC failed to provide a protective shield for the UAE. Fierce debates with Saudi Arabia continued, as the UAE consistently demanded an increase in its quota, which Saudi Arabia consistently rejected. While in OPEC, the UAE was only able to sell 60-65% of its oil capacity. Production was abundant and storage was limited. Now, after the separation, the UAE will be able to sell more oil and earn higher profits. This is a good and straightforward path for India, as Abu Dhabi crude oil will now reach the port of Fujairah via pipeline. Fujairah is located on the coast of the Gulf of Oman. From there, oil tankers will go directly to the Arabian Sea, eliminating the need to cross the Strait of Hormuz. The port on India's west coast is not far from there. This is also a positive sign for global energy politics. OPEC is a cartel that keeps oil prices high by reducing oil supplies. US President Trump has long criticized it, alleging that OPEC is robbing the world by increasing oil prices. Now, with the UAE's separation, oil prices could fall by $5-10 per barrel. Increased supplies from the UAE will expand India's options, and India will no longer be pressured by any single country. However, when oil prices rise, the prices of other commodities also rise.

# The burden of the past and the trajectory of relations... At this juncture, caution is not a sign of weakness, but a deliberate strategic necessity.

India and Bangladesh stand at a juncture where caution is not a sign of weakness, but a deliberate strategic necessity. The evolving relationship between India and Bangladesh reflects a cautious and almost quiet readjustment, rather than any dramatic diplomatic breakthrough. After a period of tension, both sides appear to have adopted a strategy of "quiet diplomacy," emphasizing a gradual buildup of mutual trust rather than mere rhetoric. The recent visit of Tarique Rahman's close associates, deliberately labeled a "goodwill mission" rather than an "official dialogue," demonstrates that repairing relations burdened by a past of suspicion requires patience, not ostentation. This deliberate strategy signals that both countries fully recognize each other's strategic importance, even as they face internal and geopolitical pressures. The two countries are not just neighbors, but crucial interdependent partners in the changing Asian landscape. For New Delhi, Dhaka is central to its "Neighborhood Eastern Policy," regional connectivity plans, and security strategy for Northeast India. For Bangladesh, India, as its largest neighbor, is also a key economic partner and a geographically prominent gateway to the world. However, it is now necessary to adapt their relationship to the new generation, changing political leadership, and new geopolitical circumstances. Dhaka's emphasis on "equality, fairness, and mutual respect" signals its desire to move beyond the old notion of imbalance. India faces serious challenges, the most pressing of which is security. The threat of reactivation of radical organizations is a growing concern. India's Northeast region, vulnerable to cross-border terrorism, insurgency, and arms smuggling, cannot afford any new instability. Another major challenge is India's domestic politics. The recurring issue of illegal migration and the political exploitation of the perception of persecution of minorities in Bangladesh create discontent in Dhaka. This rhetoric intensifies during election season in border states, which increases distrust and can undermine diplomatic efforts. Bangladesh's path is also not easy. The previous government led by Sheikh Hasina had built a strong rapport with India, but now that legacy appears to be morphing into a more assertive and self-centered foreign policy under the "Bangladesh First" policy. Dhaka's ties with Pakistan and the activism of groups like Jamaat-e-Islami Bangladesh have further complicated the political equation. Bangladesh will also have to carefully handle some highly sensitive issues, most importantly Sheikh Hasina's presence in India. Balancing this situation while maintaining a pragmatic relationship with India will be a true test of Bangladesh's leadership maturity. Dhaka has made it clear that it will not commit to a specific security alliance with any one country, yet its economic relationship with Beijing remains strong. Consequently, stable relations with India provide Bangladesh with strategic flexibility, allowing it to avoid becoming completely dependent on any single external power. Increased cooperation between India and Bangladesh can provide new impetus to regional connectivity—such as trade corridors and energy networks—that will reshape economic flows in South and Southeast Asia. From India's perspective, a friendly and cooperative Bangladesh secures its eastern borders, facilitates connectivity with the northeastern states, and strengthens its regional influence. Both countries will benefit from adopting a new approach, one based on mutual respect and practical cooperation, rather than suspicion and occasional tensions. The relationship between the two countries currently stands at a juncture where caution is not a sign of weakness, but a conscious strategic necessity. If both countries address their respective challenges with foresight and restraint, this cautious and slow progress can transform into a strong and trusted partnership.

# Life Stream: Love means expansion, not possession... An effective formula for rising above expectations.

The special quality of love is that it does not complete a person, but rather makes them aware of their incompleteness. This awareness inspires them to move forward, because in love, the more they give, the more they discover themselves. Love is like an eternal form that penetrates the depths of the human heart and gives it new life. Therefore, whenever love calls, one should follow it, even if its path is difficult and arduous. Love does not possess a person, but liberates them, because the nature of love is expansion, not bondage. This expansion becomes the true beauty of life. Therefore, when the wings of love embrace you, one should surrender to it. In the practice of love, both pleasure and pain go together, because love comes not only to give joy but also to refine the soul. Just as a tree sprouts only after burying its seed in the soil, so too must a human being understand the true meaning of love by shedding their ego. When one loves, they uncover many layers within themselves, and this is how their true identity is born. True love neither accepts ownership nor enslaves anyone. It is a bridge between two souls, where both walk together while maintaining their independence. Love does not mean that two people become one; rather, it means that, despite their separation, they move in the same direction and enrich each other's lives. Thus, distance is necessary in love, because this distance gives meaning to closeness, and this balance is what makes relationships last. The uniqueness of love is that it does not complete a person, but rather makes them aware of their incompleteness. This awareness inspires them to move forward, because in love, the more they give, the more they discover themselves. It is a process in which the desire to receive gradually transforms into the joy of giving, and this transformation elevates love to spiritual heights. It is a continuous flow, flowing without expectation, and within this flow lies the music of life. The nature of love is infinite and defying definition. Therefore, when a person attempts to control it rather than understand it, they lose sight of its essence. An open heart is required to experience love. Through this openness, love penetrates within and gives life a new direction. Indeed, love is an experience that connects a person to themselves and helps them understand that they are not merely a body but part of a larger consciousness. When a person accepts this truth, their love is no longer limited; it expands to encompass all of creation, and this expansion becomes the highest experience of life. An effective formula for transcending expectations: learn the art of feeling love. 'Love does not bind us, but expands us from within and unites us with ourselves. When we learn to let go of expectations and embrace the joy of giving, love reveals its true power. Both pleasure and pain serve as teachers, shattering our ego and refining our souls.

# Life Stream: Strive to Be Like a Rose; The Key: Don't Be Bound by Limits

A rose is beautiful even when it's a tiny bud. Its beauty is enhanced when it fully blooms. Even when its last petal is falling, its beauty is unique and worth seeing. Often, in the hustle and bustle of life, we forget how precious we are to ourselves, and sometimes we feel we lack self-love. In such a situation, it's important to understand where this negative thought comes from. How did we go from a happy, innocent child, full of self-confidence, to a sad person who considers himself inferior and feels lacking in something? Think about a rose. Even when it's a tiny bud, it's beautiful. When it fully blooms, its beauty is even more radiant. Even when its last petal is falling, it still has its own unique beauty. It's the same with us. We are always complete, beautiful, and ever-changing. We do our best based on the understanding, awareness, and knowledge we have. As we gain more understanding, awareness, and knowledge, we will do things differently and better. Now is the time to look a little deeper into our past and examine the beliefs that have been driving us until now. If you want to thoroughly clean a room, you'll pick up and examine everything in it. You'll look at some things lovingly, wipe them down, and give them a new beauty. You'll also notice some things that need refinishing or repair, and you'll make a note to fix them. There will be some things that you no longer need, so it's best to let them go. The same process applies to our minds. Thoughts and beliefs that no longer serve us should be discarded. There's no need to get angry or struggle. Limiting beliefs, like "I'm not good enough," often stem from childhood experiences—such as being repeatedly told they're not enough. In this situation, a person struggles throughout their lives to gain someone's approval, but the pain within leads to repeated failures. Often, we lose ourselves in the pursuit of love and acceptance. Criticism, comparison, and fear convince us that life is difficult and dangerous. But the truth is, these are all learned beliefs, and what has been learned can be changed. Now is the time to fill our minds with new, positive thoughts and see ourselves with the love and acceptance we have always deserved. -Translated excerpt from You Can Heal Your Life Sutra - Don't be bound by limitations - We are always complete and worthy, but old experiences and beliefs have limited us. Now is the time to recognize and let go of them, accept ourselves, and fill our lives with love, confidence, and true happiness with new positive thoughts, because only what can be changed can become our new beginning.



## मिर्च तोड़ने जा रहे मजदूरों की पिकअप पलटी, 27 घायल व छह की हालत गंभीर



बिलासपुर तहसील क्षेत्र के गांव नवाबगंज मार्ग स्थित चकफेरी मोड़ पर बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मिर्च तोड़ने जा रहे 27 मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार सभी मजदूर घायल हो गए, जिनमें से 6 की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। बुधवार की तड़के लगभग चार बजे क्षेत्र के गांव हामिदाबाद निवासी 27 मजदूर पिकअप गाड़ी में सवार होकर मिर्च तोड़ने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वाहन नवाबगंज मार्ग स्थित चकफेरी मोड़ के निकट पहुंचा, तो रफ्तार तेज होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्डे में पलट गई। जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बचाव कर शुरू कर दुर्घटना से पुलिस को अवगत करवाया।

सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में घायलों को तुरंत एम्बुलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

वहीं, अन्य घायलों का उपचार सीएचसी पर चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चश्मदीदों के मुताबिक, वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और मोड़ पर गति अधिक होने के कारण यह दुर्घटना हुई। जांच उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। यह मजदूर हुए हैं घायल- हादसे में घायल हुए मुख्य रूप से ये लोग शामिल हैं।शवेज अली, नासरिन, रज्जाक अली, साबिया, शाबिया, आमिना सानिया, मरियम, नाजिम, सुल्तान, आलम, रुखसार, अमरीन, जुबैर, अंजुमन, गुलशान, आलम, जैनब, उज्मा , सामिया, हिना, नसीरुद्दीन, शाबिर अली, रिहाना, अना बी, साबीर, अमीना शामिल हैं। वहीं चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल साजिया, साबिया, मुस्कान, आमिना, हिना आदि का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## प्रेमिका का थाने में हाईवोल्टेज ड्रामा...दूसरे समुदाय के प्रेमी संग शादी की जिद पर अड़ी

प्रेमी-प्रेमिका के बीच प्रेम प्रसंग का मामला थाना पर पहुंच गया। घर से निकल कर थाने में पहुंची प्रेमिका प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने उसके प्रेमी को बुलाया, इसी बीच सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। प्रेमिका को मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी और प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ी रही। बाद में परिजनों की मान-मनौव्वल के बाद घर चलने को राजी हो गई।थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला सामने आया है जिसमें लड़का और लड़की में काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने प्रेमिका की शादी एक दिन पहले ही जाकर कहीं और तय कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही लड़की मंगलवार की सुबह घर से निकलकर थाना में पहुंच गई। पुलिस से प्रेमी से ही शादी करने की जिद की, कहा उसके प्रेमी को बुलाया जाए। पुलिस ने प्रेमी को बुलवाकर उससे बात की। इसी बीच लड़की के परिवार वाले भी पहुंच गए। मामला अलग-अलग समुदाय का होने पर दिन भर थाने में पंचायत चली। लड़की को मनाने के लिए सभी लोग पूरे दिन लगे रहे, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही कि वह अपने प्रेमी से ही शादी करेगी और यहां से नहीं जाएगी। शाम को परिजनों की बहुत मिन्नत करने के बाद तब कहीं जाकर लड़की ने अपने परिजनों की बात मान ली। उनके साथ अपने घर चली गई। तब तक पुलिस की सांसें भी अटकी रही। लड़की के अपने परिवार वालों के साथ घर जाने को राजी होने पर पुलिस ने भी राहत की सांस ली। थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी ने बताया कि सुबह से उसके परिजन मना रहे थे, लेकिन लड़की नहीं मान रही थी। हालांकि परिवार की काफी मिन्नत के बाद शाम को वह मान गई और परिजनों के साथ अपने घर चली गई।

## मुगलपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच /सिकंदर राजा / मुरादाबाद थाना मगलपरा पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की बिक्री विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान 01 अभियुक्त को मय अवैध 421 ग्राम चरस के साथ किया गिरफ्तार




श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय मुरादाबाद के द्वारा नशीले पदार्थों की बिक्री के अपराधो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलपुरा श्री के0के0 राणा के नेतृत्व में थाना मुगलपुरा पुलिस टीम द्वारा की जा रही संघन चैकिंग के दौरान दिनांक 05.05.2026 को 01 अभियुक्त तारिक जिया उर्फ बाबू पुत्र जियाउल हसन निवासी हमसफर शादी हॉल घोसियो वाली गली थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद उम्र 48 वर्ष को मय 421 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0 55/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम अभियुक्त तारिक जिया उर्फ बाबू पुत्र जियाउल हसन निवासी हमसफर शादी हॉल घोसियो वाली गली थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद उम्र 48 वर्ष के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है गिरफ्तार अभियक्त का नाम पता- हमसफ़र शादी हॉल घोसियो वाली गली 1. तारिक जिया उर्फ बाबू पुत्र जियाउल हसन निवासी हमसफर थाना मुगलपुरा मुरादाबाद उम्र 48 वर्ष बरामदगी: 421 ग्राम चरस आपराधिक इतिहास 1. मु0अ0स0-185/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पलिस टीम का विवरण 1. उ0नि0 श्री आशीष मलिक 2. उ0नि0 श्री मजहर रिहान 3. का0 3233 राहुल अहलावत 4. का0 2020 अजय शर्मा

## एमडीए में शामिल 71 गांवों में महायोजना के तहत होगा विकास

मुरादाबाद। शासन द्वारा 28 जून 2024 को जारी अधिसूचना के आधार पर मुरादाबाद विकास क्षेत्र का विस्तारीकरण किया गया। इसमें 71 नये राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इनका कुल क्षेत्रफल 14615.32 हेक्टेयर है। इन विस्तारित क्षेत्रों में महायोजना के अनुसार कार्य कराए जाएंगे। महायोजना के कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में हुई स्टेकहोल्डर्स की बैठक प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्राधिकरण की सीमा में विस्तार के बाद जो 71 नये गांव शामिल किए गए हैं उन्हें तीन पॉकेट्स में विभाजित किया गया है। इसमें दिल्ली मार्ग, रामपुर मार्ग व कांठ रोड शामिल है। इन क्षेत्रों में महायोजना तैयार कराने का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 138वीं बोर्ड बैठक में लिया गया था।





कन्सल्टेन्ट द्वारा विद्यमान भू-उपयोग, बेस मैप एवं सजरा सुपरइम्पोजिशन मानचित्र का रेंडम स्थलीय परीक्षण मंगलवार को प्राधिकरण और सम्भागीय नियोजन खंड की संयुक्त तकनीकी टीम ने कियाइस अनुरूप महायोजना के कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण कन्सल्टेन्ट ने स्टेकहोल्डर्स की बैठक में किया। इसमें स्टेकहोल्डर्स और सरकारी विभागों के अधिकारियों के द्वारा भौतिक रूप से प्राधिकरण सभागार में और कुछ स्टेकहोल्टर्स और सरकारी विभागों के अधिकारियों ने ऑनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों से उनके विचार और सुझाव के साथ ही फीडबैक लिए गए, जिसे महायोजना में शामिल करने पर गुणदोष के आधार पर विचार किया जाएगा।




## धूल और धुएं से घुट रहीं सांसें, बढ़ रही रोगियों की संख्या

मुरादाबाद । शहर की हवा में धूल, धुआं व अनियंत्रित प्रदूषण से दमा के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में सांस लेने में तकलीफ वाले मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार निर्माण स्थलों व जेनरेटर से निकलने वाला धुआं हवा ने स्थिति और गंभीर कर दिया है, जिसका रहा है। प्रदूषण व बदलता मौसम सांस रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में संचालित क्लीनिकों पर ही नजर डालें तो वर्ष आब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज आए। अस्थमा व अन्य सांस रोगियों की चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय के प्रदूषण है जिसमें धूल के महीन कण पहुंचकर सूजन व एलर्जी पैदा करते हैं। निकलने वाला धुआं व डीजल जेनरेटर कर रहा है। मौसम में तेजी से बदलाव गर्मी, नमी व ठंडी हवा के अचानक हो जाती हैं। घरों के अंदर भी धूल, और धूम्रपान स्थिति को और खराब करते




की उड़ती धूल, सड़कों पर बढ़ता ट्रैफिक को जहरीला बना रहा है। बदलते मौसम बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा असर पड़ रोगियों में अटैक के प्रमुख कारण बन नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) 2025-26 में 200 से अधिक तो क्रानिक (सीओपीडी) के नए मामले ही सामने संख्या इससे कई गुना अधिक ही है। अनुसार सबसे बड़ा कारण हवा में बढ़ता शामिल हैं। ये कण सीधे फेफड़ों तक निर्माण स्थलों से उड़ती धूल, ट्रैफिक से का उत्सर्जन हवा को लगातार खराब भी दमा अटैक को ट्रिगर कर रहा है। बदलाव से सांस नलिकाएं संवेदनशील पालतू जानवरों के बाल, रसोई का धुआं हैं।यह भी रखें ध्यान- ज्यादा ट्रैफिक वाले रास्तों पर सुबह-शाम की सैर से बचें। - घर से बाहर जाएं तो मास्क का इस्तेमाल करें। - घर में नियमित सफाई व वेंटीलेशन रखें। - कमरे में नमी संतुलित रखें, बहुत सूखी हवा से बचें। - घर में एयर प्यूरीफायर या इनडोर पौधों (जैसे स्नेक प्लांट, मनी प्लांट) का उपयोग करें। - बाहर से आने के बाद चेहरे और नाक को साफ पानी से धोएं। - परफ्यूम, अगरबती व केमिकल स्प्रे का सीमित इस्तेमाल करें। - विस्तर की चादर, तकिया कवर और परदे नियमित रूप से धोएं। - सर्द-गर्म चीजों का अचानक सेवन करने से बचें। - सांस की एक्सरसाइज (प्राणायाम) को दिनचर्या में शामिल करें। - पालतू जानवरों को बेडरूम से दूर रखें।

### संक्षिप्त समाचार

## सिविल लाइन पुलिस ने पकड़ा 11.5 टन ई-कचरा, दो गिरफ्तार

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कैन्टर से करीब 155 बोरा (लगभग 11.5 टन) अवैध ई-कचरा बरामद किया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा है। पुलिस ने ई कचरे के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने मंगलवार को बताया कि चार मई की रात पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि अगवानपुर पुल के नीचे शिरडी साई स्कूल के पास एक संदिग्ध कैन्टर खड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में ई-कचरा भरा हुआ है और उसकी नंबर प्लेट भी बदली गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर कैन्टर को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से कैन्टर में बैठे दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी आकिल और जावेद निवासी मोहल्ला फतेहपुरी, कस्बा भोजपुर,जनपद मुरादाबाद की तलाशी के दौरान जावेद के पास से ई-कचरे से संबंधित बिल (दो मूल व दो फोटो कॉपी) बरामद हुए। जांच में मिला कि वाहन की आगे की नंबर प्लेट गायब थी, जबकि पीछे और साइड में अलग-अलग नंबर अंकित थे, जिससे स्पष्ट हुआ कि नंबर प्लेट में छेड़छाड़ की गई थी। कैन्टर के अंदर करीब 155 बोरे ई-कचरे से भरे मिले, जिनका वजन लगभग 10.5 से 11.5 टन बताया जा रहा है। बरामद बिलों के अनुसार यह ई-कचरा दिल्ली के सीलमपुर क्षेत्र से मुरादाबाद लाया जा रहा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह माल गजरौला निवासी अनवर और उसके बेटे द्वारा भेजा गया था, जिसे मुरादाबाद और आसपास के कई व्यक्तियों को सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तथा कूड़ा-कचरा (ई-वेस्ट) से संबंधित अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।



## बादलों की ओट से झांकते रहे सूर्यदेव, ठंडी हवा से मिली राहत

मुरादाबाद । जिले का मौसम मंगलवार को बदला-बदला नजर आया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा, जिसके कारण सूर्यदेव दिनभर बादलों की ओट से ही झांकते रहे। धूप की तीव्रता कम रहने और बीच-बीच में चल रही ठंडी हवा ने मौसम को काफी सुहावना बना दिया।

दिन भर बादलों की आवाजाही जारी रहने से बारिश की संभावना बनी रही। कई बार घने बादल छाए, जिससे लोगों को बारिश होने की उम्मीद जगी, लेकिन दोपहर में करीब एक बजे करीब 20 मिनट के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे वातावरण में ठंडक बनी रही

और उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम रहा। तापमान में गिरावट का असर लोगों की दिनचर्या पर भी दिखा और बाजारों में सामान्य चहल-पहल बनी रही। वहीं, दिन ढलने के बाद हवा की रफ्तार और तेज हो गई, जिससे मौसम में और ठंडक का एहसास हुआ। ठंडी तेज हवा ने लोगों को गर्मी से और राहत दी। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों के चेहरे भी खिले नजर आए और उन्हें आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों ने आगे भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई है

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**


**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जनगणना 2027 को लेकर बरेली प्रशासन सक्रिय : 9 मई को यूथ एंड स्पोर्ट्स डे मीडिया डे के रूप में विशेष अभियान



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शुरू हो चुका है। इस प्रक्रिया के तहत 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से जरूरी जानकारी एकत्र करेंगे। यह जनगणना सिर्फ जनसंख्या की गिनती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आयु, लिंग, शिक्षा, आर्थिक स्थिति जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक आंकड़े भी जुटाए जाएंगे, जो भविष्य की नीतियों और योजनाओं का आधार बनेंगे। इस बार भारत सरकार ने जनगणना को डिजिटल माध्यम से कराने का फैसला लिया है। इसी क्रम में 7 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना यानी सेल्फ एन्यूमरेशन की सुविधा भी दी गई है। जनपद में इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए 14 दिवसीय जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि 9 मई 2026 को यूथ एंड स्पोर्ट्स डे / कम्युनिटी इंस्टीट्यूशन्स / मीडिया डे के रूप में मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों, पदाधिकारियों और मीडिया से अपील की है कि वे सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल के माध्यम से अपनी जनगणना स्वयं करें और इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही, जनगणना से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से साझा कर लोगों में जागरूकता फैलाने का भी आग्रह किया गया है।

# ओवरहेड टैंक के नमूने सील किए, स्पेशल टीम ने ठेकेदार और इंजीनियरों से घंटों की पूछताछ

## पीडब्ल्यूडी प्रयोगशाला में होगी निर्माण सामिग्री की जांच



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली/भमौरा। सरदार नगर में सोमवार शाम ओवरहेड टैंक ढहने को लेकर शासन सख्त है। जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर मंगलवार सुबह लखनऊ से टेक्निकल ऑडिट टीम सीनियर टेक्नीशियन एडवाइजर विश्व दीपक और शशांक मिश्रा के नेतृत्व में आई। टीम ने ईंट, रोड़ा, सरिया, सीमेंट, रेता और चादर के नमूने लेकर 18 बोरों में सील किए। चादर के सैंपल कानपुर भेजे जा रहे हैं, जबकि अन्य सामग्री की जांच पीडब्ल्यूडी लखनऊ की प्रयोगशाला में कराई जाएगी।

जांच टीम ने न केवल सामग्री के नमूने लिए, बल्कि कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों और ठेकेदार को भी आड़े हाथों लिया। उनसे निर्माण की प्रक्रिया और तकनीक पर घंटों पूछताछ की। टीम में शामिल मुरादाबाद जोन के अभियंता आरबी राम और वीके लिटोरिया ने तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। टीम को हिदायत दी गई है कि वे 24 घंटे के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शासन को सौंपें। इधर, सोमवार देर रात ही निर्माणदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के खिलाफ एक्सईएन कुमकुम गंगवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि जिस कंपनी पर घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने के आरोप हैं, उसी के अधिकारी नमूने लेने में शामिल हैं।

# DIG अजय साहनी का SSP ऑफिस में अचानक किया निरीक्षण

## DCRB, समन सेल और LIU के दस्तावेजों की हुई गहन जांच, खामियों पर लगाई फटकार



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । रेंज के DIG अजय साहनी ने बुधवार को SSP ऑफिस का औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में हलचल मचा दी। कोतवाली क्षेत्र स्थित SSP ऑफिस में DIG के पहुंचते ही DCRB, समन सेल और LIU सहित सभी शाखाओं के रजिस्टर और फाइलों की बारीकी से जांच शुरू हो गई। इस दौरान SSP अनुराग आर्य भी उनके साथ मौजूद रहे। रिकॉर्ड मेंटेनेंस में मिली गड़बड़ी, DIG ने दिए तुरंत सुधार के आदेश निरीक्षण के दौरान DIG अजय साहनी ने रिकॉर्ड अपडेट, केस फाइलिंग और रिपोर्टिंग प्रक्रिया को परखा। कई शाखाओं में अनियमितताएं मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। DIG ने कहा कि पुलिस रिकॉर्ड समय पर अपडेट होना चाहिए, ताकि अपराध और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हो सके।

SSP अनुराग आर्य ने DIG को मौजूदा कार्यप्रणाली और लंबित मामलों की जानकारी दी। DIG ने सभी विभागों को काम में तेजी लाने और जनता से जुड़े मामलों में जवाबदेही बढ़ाने की हिदायत दी। पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और स्पीड पर दिया जोर

DIG ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर दिन के काम का रिकॉर्ड साफ-सुथरा और समय पर अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि रजिस्टरों की नियमित मॉनिटरिंग से ही पुलिसिंग को प्रभावी बनाया जा सकता है।

SSP ऑफिस में हुए इस निरीक्षण को पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि DIG के आदेशों के मुताबिक सभी विभागों में सुधार प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# रोडवेज वर्कशॉप की दीवार सड़क पर गिरी , कार चकनाचूर, चालक घायल



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिम्मेदारों की लापरवाही से बुधवार सुबह सात बजे बारादरी थाना क्षेत्र में इसाइयों की पुलिया से कटरा चांद खां जाने वाले रास्ते पर सिंधु नगर कॉलोनी के सामने रोडवेज वर्कशॉप की जर्जर दीवार ढह गई। मलबे की चपेट में आकर एक कार चकनाचूर और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। कार का चालक छोटेलाल घायल हो गया। गनीमत रही कि कार में चालक के अलावा अन्य कोई नहीं था। अन्यथा जनहानि हो सकती थी।

रोडवेज के सेटेलाइट बस अड्डा से ही लगे हुए बरेली, रुहेलखंड और रीजनल वर्कशॉप हैं। वर्कशॉप की बाहरी दीवरें काफी जर्जर हो चुकी हैं। एक दीवार सिंधुनगर के सामने हैं, जबकि दूसरी दीवार सिंधुनगर के सामने स्थित मंदिर के पास से पीलीभीत बाइपास तक है। सिंधुनगर के सामने मंदिर से सटी हुई आठ मीटर की दीवार कई दिन से सड़क की ओर झुकी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बारे में रोडवेज के अधिकारियों को सूचना भी दी गई, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। बुधवार सुबह सात बजे इस दीवार का पांच मीटर का हिस्सा भरभरा कर ढह गया। इस दौरान यहां से गुजर रही कार के ऊपर मलबा आकर गिरा। मलबे में दबकर कार पिचक गई। गनीमत रही कि हादसा सुबह के समय हुआ। दिन में यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। हादसा अगर दिन में होता और कार में अन्य लोग भी होते तो जनहानि भी हो सकती थी। सूचना मिलने पर बारादरी पुलिस मौके पर पहुंच गई और सड़क पर आवागमन बंद कर जेसीबी के जरिये मलबा हटवाया गया। चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने बताया कि वर्कशॉप की काफी पुरानी दीवार बुधवार सुबह गिर गई। यहां पर नई दीवार बनवाई जाएगी। अन्य दीवारों की भी जांच कराकर जरूरत के अनुसार मरम्मत कराने पर नई दीवारें बनवाने के निर्देश दिए गए हैं।

# अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने खोला मोर्चा, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। एक जिम में महिला चिकित्सक के यौन शोषण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले के विरोध में अखिल भारत हिंदू महासभा ने आक्रोश व्यक्त किया है। महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को ज्ञापन सौंपकर जिले के सभी जिम में पुलिस सत्यापन और महिला सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

ज्ञापन में महासभा ने आरोप लगाया है कि बरेली के कुछ जिम में समुदाय विशेष महिलाओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में एक जिम संचालक द्वारा डॉक्टर महिला का यौन शोषण करने का मामला सामने आया। बीते दिनों मिनी बाइपास स्थित एक जिम में दिल्ली की महिला के परिजनों के साथ मारपीट हुई थी। इन घटनाओं का हवाला देते हुए इसे एक सोची-समझी साजिश बताया गया है। पंकज पाठक ने कहा कि कुछ जिम संचालक मीठी-मीठी बातों में फंसाकर महिलाओं पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे हैं और लोक-लाज के भय से कई पीड़िताएं आज भी चुप्पी साधे हुए हैं।

जिम संचालकों और ट्रेनरों का सत्यापन करने की मांग - महासभा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनपद के समस्त जिम संचालकों और ट्रेनरों का तत्काल पुलिस सत्यापन कराया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक जिम में महिला ट्रेनर की तैनाती अनिवार्य होनी चाहिए और जिन जिमों में महिला ट्रेनर उपलब्ध नहीं हैं, वहां महिलाओं के प्रवेश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, जिमों की नियमित जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारियों का एक विशेष दल गठित करने का सुझाव भी दिया गया है। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि सनातनी महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रशासन ने शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन को बाध्य होगा। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोक दल का श्रद्धांजलि समारोह, हवन कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) द्वारा आज बुधवार को किसानों के मसीहा चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर कचहरी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके किसान हितैषी और जनकल्याणकारी कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही विधि-विधान से हवन-पूजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद मतलूब ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे और उनके पदचिन्हों पर चलते हुए चौधरी अजित सिंह ने किसानों, गरीबों और मजदूरों के हित में जीवनभर कार्य किया। उन्होंने गन्ना किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए चीनी मिलों की दूरी कम कर किसानों को राहत दिलाई। वहीं सैनिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार ने कहा कि अजीत सिंह सच्चे किसान हितैषी थे। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों पर चलते हुए किसानों और मजदूरों की सेवा करें। मंडल अध्यक्ष ने आगामी प्रधानी और जिला पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विजय बहादुर सक्सेना, मोहम्मद मतलूब, कुलदीप पंवार, गीता सिन्हा, राजवीर उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खत्म करेगा, टैक्स बिलों की हेराफेरी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर की संपत्ति कर व्यवस्था में करीब पौने दो लाख करदाताओं को राहत देते हुए नगर निगम ने बिलिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लिया है। शासन की ओर से तैयार कराए गए इस विशेष सॉफ्टवेयर का ट्रायल पूरा हो चुका है, जो अब पुराने ढर्रे पर चल रहे टैक्स विभाग को डिजिटल रफ्तार देगा। दरअसल, बीते दो-तीन सालों में नगर निगम का कर विभाग शिकायतों का केंद्र बन गया था। पुराने सॉफ्टवेयर की तकनीकी कमियों के चलते किसी का क्षेत्रफल ज्यादा दर्ज हो जाता था, तो किसी को लाखों का फर्जी बिल थमा दिया जाता था। इस अव्यवस्था से न केवल आम जनता नाराज थी, बल्कि निगम की छवि भी धूमिल हो रही थी। बार-बार संशोधनों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई थी। अब एआई तकनीक लागू होने से टैक्स निर्धारण के लिए वास्तविक तस्वीरें और फ्लोर की सटीक जानकारी सॉफ्टवेयर में अपलोड की जाएगी।

### 12 साल की बालिका से बीडीसी सदस्य ने की थी दरिंदगी, आत्महत्या के बाद खुला राज; गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मीरगंज थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची ने दुष्कर्म के बाद आत्महत्या कर ली थी।



अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। बालिका से बीडीसी सदस्य जीशान ने दरिंदगी की थी। पुलिस ने मंगलवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बच्ची का शव 27 अप्रैल को घर में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। इसके बाद बच्ची के पिता ने 29 अप्रैल को हत्या का मामला दर्ज कराया था। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने की। पुलिस ने बच्ची की मां और छोटी बहन के बयान दर्ज किए। इनके आधार पर पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने मंगलवार सुबह साप्ताहिक बाजार के पास से किशोरी के हत्यारोपी जीशान को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि जीशान ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने बच्ची से दुष्कर्म किया था। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जीशान की उम्र 26 वर्ष है और वह बीडीसी सदस्य है। मृतका की छोटी बहन ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। स्कूल की छुट्टी के बाद जीशान गांव के बाहर तालाब के पास मिलता था। पुलिस आशंका जता रही है कि इसी अवसाद के कारण बच्ची ने आत्महत्या की होगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण लटकना बताया गया था, लेकिन दुष्कर्म की पुष्टि भी हुई थी।

### सीपी इंटरनेशनल स्कूल की वैन बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे मासूम

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप/ फर्रुखाबाद जनपद के थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाली खबर सामने आई है, जहाँ बच्चों से भरी रहने वाली एक स्कूली वैन आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चे वैन से उतर चुके थे,



वरना परिणाम भयावह हो सकते थे। क्या है पूरा मामला- यह घटना C.P. International School की है। जानकारी के अनुसार, वैन बच्चों को स्कूल छोड़कर परिसर में खड़ी ही हुई थी कि तभी अचानक उसमें भीषण आग लग गई। देखते ही देखते वैन आग की लपटों से घिर गई, जिससे स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों की सूझबूझ से पाया काबू- आग लगते ही स्कूल स्टाफ और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाई। फायर ब्रिगेड के इंतज़ार में हाथ पर हाथ धरे बैठने के बजाय, कर्मचारियों ने तुरंत *पंपिंग सेट* चलाकर मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुँच गई। बड़ा सवाल- बच्चों की सुरक्षा दांव पर? हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन इस घटना ने स्कूली वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। वजह क्या थी? (शॉर्ट सर्किट या लापरवाही? ) अगर बच्चे अंदर होते तो जिम्मेदार कौन होता

# नगरपालिका कोंच के सभासद माधव सिंह यादव ने थामा अपना दल ( एस ) का दामन



क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ कोंच (जालौन)। जनपद जालौन में अपना दल (सोनेलाल) के सांगठनिक विस्तार को नई गति मिली है। पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय के संकल्प से प्रभावित होकर नगरपालिका कोंच के सभासद माधव सिंह यादव ने अपने समर्थकों के साथ जिला कार्यालय उरई में विधिवत पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने माधव सिंह यादव को आधिकारिक पटका पहनाकर सदस्यता रसीद सौंपी और संगठन में उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि माधव सिंह यादव जैसे कर्मठ और जमीनी जनप्रतिनिधियों के जुड़ने से जनपद में पार्टी की जड़ें और मजबूत होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन जन-जन तक अनुप्रिया पटेल के विकासवादी संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सफल होगा। पार्टी का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, अवसर और विकास पहुंचाना है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद माधव सिंह यादव ने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और सामाजिक न्याय के स्पष्ट एजेंडे से प्रभावित होकर अपना दल (एस) से जुड़े हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्र में संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव (युवा मंच) ओंकार सिंह ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर (पत्रकार पनियार), जिला महासचिव श्यामसुंदर कुशवाहा (कैथी), जिला उपाध्यक्ष रविकांत कुशवाहा (कुकरगांव), लाल सिंह बगिया (जिला कार्यकारिणी सदस्य), रामबाबू कुशवाहा (जोन अध्यक्ष उरई ग्रामीण), हेमंत लंबरदार (बगिया), गजेंद्र कुशवाहा (कुदारी) जिला उपाध्यक्ष युवा मंच सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल में संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया

# पठारी तालाब पर साफ सफाई कर श्रमदान किया



क्यूँ न लिखूँ सच / अनिल कुमार / गंज बासौदा - मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दूर चयनित नवांकुर संस्था ग्राम मथुरापुर शानवी मानव उत्थान सेवा समिति ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पठारी के प्राचीन तालाब पर साफ सफाई श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया

द्य जिसमे सभी क्षेत्र के लोगो ने इस सामाजिक एवं जनहित के पुण्य कार्य में बड़ चढ़कर हिस्सा लिया द्य तालाब के किनारे लगे खरपतवार, गंदगी, तालाब के अंदर से फाटे पुराने गन्दे कपड़े, पॉलीथिन, प्लास्टिक को बाहर निकाल कर कचरा गाड़ी से गांव के बाहर फेका द्य इस तालाब को सौन्दर्यता कारण को लेकर सभी ने वीणा उठाया है द्य इस कार्यक्रम में उपस्थित द्य जिला सवन्वयक पूजा श्रीवास्तव, ब्लॉक सवन्वयक आशीष जैन, विधायक सरपंच, समाजसेवी इंजी. अखिलेश पंथी, सचिव गोविन्द राजपूत, रोजगार साहयक निक्की जैन, मेंटर्स सन्देश अग्रवाल, नवांकुर संस्था से जीवन सिंह, सेक्टर पठारी की समस्त प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि पठारी से चेतराम साहू, जरौली से चितर यादव, मथुरापुर से शिवकांत दांगी, सत्यम दांगी, पदमयाई से रविशंकर, परसौरा से प्रदीप राजपूत, एमएसडब्लू, बीएसडब्लू के विद्यार्थी राजेंद्र कुमार, समाजसेवी बलराम साहू, पत्रकार वीरेंद्र विश्वकर्मा, रुपेश यादव, बड़ी संख्या में इत्यादि लोग उपस्थित रहे द्य सभी ने स्वछता की शपथ की और इस तालाब को स्वच्छ, सौन्दर्य मनाने का संकलप लिया द्य

# फर्रुखाबाद में बढ़ा सपा का कुनबा: कई नेताओं ने ली सदस्यता, 2027 के लिए भरी पीडीए की हुंकार



क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद- बंगाल में आए चुनावी नतीजों के बाद जहां भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में दबाव बनाने की कोशिश में जुटी है वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी अपने पीडीए आंदोलन के जरिए चुनावी नैया को पार लगाने के लिए अपना कुनबा बढ़ाने में जुटी है इसी क्रम में आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आज बड़ी संख्या में दूसरे दलों को छोड़कर आए लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पार्टी प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला कार्यालय में जिला महासचिव इलियास मंसूरी के संघर्षमयी कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर स्वागत कार्यक्रम किया गया, इस मौके पर सदर विधानसभा प्रभारी पवन कठेरिया प्रधान देवरामपुर तथा अमित कठेरिया प्रधान घारमपुर के सामूहिक प्रयास से बड़ी संख्या में दूसरे दलों को छोड़कर आए लोगों को जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा फर्रुखाबाद जिला संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने बाले हमारे महासचिव के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर इनको बहुत बहुत बधाई देता हूँ, और आशा करता हूँ कि ये आगे भी संगठन को मजबूत बनाने का काम करते रहेंगे। आज पूरे प्रदेश में पीडीए आंदोलन विकराल आंधी के रूप में आगे बढ़ रहा है, प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनेगी। इस मौके पर आज पार्टी में शामिल होने बाले सभी सम्मानित साथियों का हार्दिक स्वागत करता हूँ। इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि बंगाल और उत्तर प्रदेश की राजनीति में जमीन और आसमान का फर्क है, उत्तर प्रदेश में जनता सरकार की लूट खसोट की नीतियों से तंग आ चुकी है आने बाले समय में 2024 से बेहतर परिणाम आएंगे और प्रचण्ड बहुमत से पीडीए सरकार बनेगी। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि मैं सिर्फ काम पर भरोसा करता हूँ, कौन क्या कहता है कहता रहे इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ रहा, मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है समाजवादी आंदोलन को मजबूत करना और उससे मुझे कोई नहीं रोक सकता। उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कठेरिया ने कहा कि पीडीए आंदोलन एक विकराल आंधी बनकर 2027 में आयेगा और उस आंधी में देश को तोड़ने की कोशिश करने बाली शक्तियाँ धराशाई हो जाएंगी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता डॉ0 जेपी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता, छात्रसभा प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इजहार खां, जिलाध्यक्ष सालोवा अनुराग यादव, विशाल राठौर, महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शिवम पटेल, जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड अर्चित शर्मा, अभय यदुवंशी आदि पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला सचिव विनीत परमार, राष्ट्रीय सचिव सयुस समरदीप सिंह (टीटू), जिला सचिव बीके गंगवार, प्रशांत राठौर, नगर अध्यक्ष नवाबगंज अश्वनी यादव, जिला उपाध्यक्ष अंशुल यादव, जिला महासचिव अल्पसंख्यक जुल्फिकार अब्बास जैदी, सभासद मुदस्सिर खां, सह मीडिया प्रभारी रवि यादव, राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अमित कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड कुद्दूस खां, नगर अध्यक्ष राजीव कठेरिया, विनय यादव, नितिन शर्मा, दीपक गौतम, आफताब खां, महेंद्र कठेरिया, देवेंद्र श्रीवास्तव आदि अन्य सैकड़ों पदाधिकारी साथी मौजूद रहे।

# कालिंद्री एक्सप्रेस के रूट बदलाव का जोरदार विरोध, स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद कालिंद्री एक्सप्रेस के प्रस्तावित रूट परिवर्तन के विरोध में बुधवार को फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने स्टेशन पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और ट्रेन के मार्ग परिवर्तन का कड़ा विरोध जताया। ज्ञापन में कहा गया कि नई दिल्ली से फर्रुखाबाद होते हुए कानपुर जाने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस को शिकोहाबाद-इटावा रूट से चलाने की योजना पूरी तरह गलत है। यह ट्रेन पिछले लगभग 40 वर्षों से फर्रुखाबाद के लोगों को दिल्ली से जोड़ने का प्रमुख साधन रही है और जिले के लिए लाइफलाइन मानी जाती है। यदि इस ट्रेन का मार्ग बदला गया या इसे फर्रुखाबाद से हटाया गया तो स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। भईयन मिश्रा ने स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार को अवगत कराया कि किसी भी स्थिति में कालिंद्री एक्सप्रेस का रूट परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो ट्रेन को कन्नौज होते हुए मंधना तक चलाया जाए, क्योंकि मंधना से अनवरगंज के बीच एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के चलते रूट प्रभावित हो रहा है। साथ ही यह भी कहा गया कि पूर्व की भांति ट्रेन को फर्रुखाबाद से भिवानी तक ही संचालित रखा जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि रेलवे विभाग ने जनभावनाओं की अनदेखी कर ट्रेन को फर्रुखाबाद से हटाने का निर्णय लिया तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।

स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों से वार्ता करेंगे और पूरी कोशिश करेंगे कि कालिंद्री एक्सप्रेस का संचालन पूर्व की भांति नई दिल्ली से फर्रुखाबाद तक जारी रहे।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अंगद पांडे उर्फ कोमल पांडे ने कहा कि इस ट्रेन से सबसे अधिक फर्रुखाबाद, कन्नौज, हरदोई और मैनपुरी के लोग यात्रा करते हैं। यह राजधानी दिल्ली से जुड़ने का एकमात्र सीधा साधन है, जिससे हजारों व्यापारी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में ट्रेन को हटाना जनहित के खिलाफ होगा।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से नीतीश दुबे उर्फ नीशू (पूर्व सभासद), उमेश जाटव (सभासद), महेश अग्निहोत्री बाबू (पूर्व सभासद), नितिन गुप्ता (अध्यक्ष, पटरी दुकानदार संगठन), राजीव पाल, सनी बाथम, ओम निवास पाठक, राजीव वर्मा, रजत वर्मा, आशू मिश्रा, आलोक मिश्रा भूरे, मलखान सिंह राजपूत, लकी गुप्ता, शिवांग बाजपेई, आशुतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# 50 हजार का इनामिया मुठभेड़ में घायल



क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल /श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद मे अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह व क्षेत्राधिकारी भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व इकौना पुलिस टीम, एस0ओ0जी0, व सर्विलांस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना स्थानीय क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेकिंग के दौरान मुकदमा से वांछित व इनामिया 50 हजार रुपया का अभियुक्त को गश्त करते हुए सरयू नहर बैराज सेमगढ़ा पर मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# जर्जर तार, से आए दिन बिजली संकट



क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती, जर्जर तार और पुराने ट्रांसफार्मर से बिजली दी जा रही है। इससे आए दिन तार गिरने और ट्रांसफार्मर जलने के हाइसे हो रहे हैं। इसके साथ ही बिजली गुल हो जाती है। जिसके कारण हजारों लोगों को बिजली संकट पैदा हो जाता है।आंधी व पानी से खराब हुई बिजली । दूसरे दिन भी ठीक नहीं हुई और करीब एक लाख की आबादी प्रभावित रही। विकास क्षेत्र गिलौला की आंखकरीब दो लाख की आबादी को बिजली सप्लाई गिलौला उपकेन्द्र से होती है। सोमवार को आई आंधी व पानी से सुबह बिजली कट गई थी। इसके कारण बिजली बाधित हो गई और 36 घंटे बाद तक मंगलवार शाम तक बिजली नहीं आई। इसके कारण तीन दर्जन से अधिक गांवों में बिजली सप्लाई बाधित रही। तीन दशक पुरानी लाइन से दी जा रही है बिजली सप्लाई, टूट जाते हैं तार- दो दिनों से दो लाख की आबादी को नहीं मिली है बिजली- पहले बिजली की लाइन खीची गई थी। तार जर्जर हो गए हैं और आए दिन तार टूट कर गिर जाते हैं तथा ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं। इसी तरह से विकास क्षेत्र जमुनहा के विद्युत उपकेंद्र उरलहवा बंजारन पुरवा से तिवारी गांव पुराने फीडर से मिर्जापुर चौराहे से देवरनिया गांव को जाने वाली 11 हजार की विद्युत लाइन भी जर्जर है। कतकही गांव से बादल पुरवा, बरगदही गांव जाने वाली 11 हजार की विद्युत लाइन के लटकते तारों से देवरनिया, बादल पुरवा, कतकही गांव के किसान परेशान हैं।


# 02 देशी तमंचा व 5 कारतूस सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण अभियान व कार्यवाही साथ ही अवैध शस्त्रों की बिक्री/उपयोग की रोकथाम के सम्बन्ध में दिए गए

आदेश व निर्देशके क्रम में थानाध्यक्ष सोनवा विसुनदेव पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दिकौली नहर पुल से अभियुक्त सप्पू अली पुत्र रियाज अली निवासी ग्राम दरगाह दिकौली थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती के पास से 01 देशी तमंचा 315 बोर मय 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा लोनियनपुरवा मोड़ बहदग्राम चन्द्रखांबुजुर्ग से अभियुक्त सौरभ कुमार उर्फ लकी पासवान पुत्र कृष्ण कुमार नि0 तुलसीपुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती के पास से 01 देशी तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर थाना स्थानीय पर क्रमशः 1. मु0अ0सं0 059/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम सप्पू अली पुत्र रियाज अली तथा 2. मु0अ0सं0 060/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम सौरभ कुमार उर्फ लकी पासवान पुत्र कृष्ण कुमार पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# Relationship Tips: Is your partner suspicious? Learn about 5 major reasons and easy ways to restore trust!

To allay your partner's suspicions, communicate openly, maintain transparency, and allow time to strengthen trust. Relationships are built on trust, but when that trust begins to crack, the relationship begins to weaken. Sometimes, your partner begins to doubt you, even if you haven't done anything wrong. This suspicion can gradually lead to tension, conflict, and distance in the relationship. There can be many reasons for suspicion, such as past bad experiences, lack of communication, or a lack of self-confidence. If this problem isn't addressed and addressed promptly, it can lead to a breakup. With proper understanding and some simple solutions, this problem can be resolved. In this article, we'll explain why your partner suspects you and how you can eliminate this suspicion and strengthen your relationship. Impact of past experiences: Sometimes your partner has been betrayed in previous relationships, which makes them less likely to trust easily. This is their fear, not your fault. Patience and understanding are essential in such situations. Lack of communication - If you don't talk openly about your day, friends, or plans, your partner may develop doubts. Sharing even small things strengthens the relationship. Overthinking and insecurity - Some people naturally overthink and make small things big. Lack of self-confidence is also a major cause of suspicion. Their insecurity forces them to doubt. Impact of social media - In today's times, social media can also be a cause of suspicion. Misunderstandings arise due to online activity, chats, or likes. How to rebuild trust - Honesty and consistent efforts are essential to building trust. Be transparent in your behavior. Give your partner time. Make them feel special to you.




# Sunscreen Health Effects: Sunscreen protects from the sun, but does applying it reduce vitamin D production?

The biggest benefit of sunscreen is that it protects the skin from the sun's harmful UV rays. This raises concerns about whether this process is inhibiting vitamin D production. Could excessive sunscreen use weaken bones? Temperatures are currently exceeding 40 degrees Celsius in most parts of the country. This summer season can increase the risk of many serious health problems, including heatstroke. With the arrival of summer, the problem of intense sunlight and tanning increases, which people use sunscreen to avoid. Experts also recommend applying sunscreen before going out in the sun. It protects the skin from the sun's harmful ultraviolet (UV) rays and can even reduce the risk of skin cancer. The big question is: can excessive sunscreen lead to vitamin D deficiency in the body? In fact, sunlight is considered the best source of vitamin D. Since sunscreen creates a protective layer to protect the skin from the sun, could this cream inadvertently increase the risk of vitamin D deficiency? Vitamin D is essential for good health - It's worth noting that vitamin D is a vital nutrient for the body, playing a key role in maintaining strong bones, calcium absorption, and maintaining a healthy immune system. This vitamin is primarily produced naturally by the skin through exposure to sunlight. Therefore, does sunscreen interfere with vitamin D production? Several studies have shown that good-quality sunscreen can block more than 95% of UV rays. Does sunscreen reduce vitamin D levels? In a report by the National Institutes of Health, experts stated that applying sunscreen reduces the risk of vitamin D deficiency. Sunscreen does indeed reduce the skin's ability to produce vitamin D. However, we don't typically apply sunscreen thickly or frequently enough to completely block vitamin D production. Even a little sunlight is usually enough to maintain adequate vitamin D levels. Studies show that even with daily sunscreen, enough rays reach the skin to produce vitamin D. Since the body requires only a small amount of sunlight, there's no significant risk of vitamin D deficiency. Besides sunlight, you can also obtain this vitamin from fatty fish, milk, and supplements, so there's no need to worry too much. The risk of vitamin D deficiency is typically higher in people who take extreme precautions to avoid the sun. Always wearing full-body clothing, applying sunscreen with a high SPF, avoiding sun exposure, and a diet low in this vitamin can all increase your risk. Wearing sunscreen in the summer is beneficial. Health experts say that for most people, the risk of skin damage from sun exposure is much greater than the risk of vitamin D deficiency. Dermatologists say that even 10-15 minutes of morning sun exposure is enough to produce vitamin D. There are many benefits of using sunscreen in the summer. It protects the skin from the sun's harmful UV rays, which can reduce the risk of aging and skin cancer. Sunscreen also prevents damage to skin collagen, keeping the skin looking youthful longer. In countries like India, where the UV index is often high, sunscreen use becomes even more important.



# How often should the grass in the cooler be replaced? Learn this important information.

As soon as the summer season begins, people start to get their coolers in order, checking if they are running, if the motor is working properly, if the water pipes are clogged, etc. But did you know that you also need to replace the grass in the cooler (cooler pad or air cooler grass pad)? But do you know how often you should replace the grass in the cooler? Probably not, so let's find out when the grass in the cooler should be replaced... When should the grass in the cooler be replaced? Number 1 - First, check the grass on the cooler. If it has turned black or hardened, you should replace it, as it is not fully capable of cooling. Number 2 - Many coolers have grass-like pads instead of grass. These are quite solid and strong pads and last for 2-3 years, but check if they have worn out quickly, then replace them so that the cooler gives cool air. Number 3 - If your cooler is made of iron or plastic, then check the grass at the beginning of the season. See if the grass has become thin, damaged, etc. If this is the case, then you should get new grass installed. Also keep these things in mind: - Just changing the grass on the cooler is not enough. Check that the water pipes in the cooler are clean, the water motor is running properly, etc. You cannot change the grass on the cooler whenever you want, but only when it gets damaged or has been in place for a long time, etc. In such a situation, you can replace the grass on the cooler.



# Preity Zinta also became a fan of the viral Haryanvi song "Bairan"; shared a post and said, "Someone please tell me its meaning."

The Haryanvi song "Bairan" is trending on social media these days. Preity Zinta also liked it and posted it with her recent social media post. She also asked people to help her understand its meaning. The Haryanvi song "Bairan" has gone viral on social media, with people sharing reels and posts based on it. Ever since Preity Zinta heard the song, she too has become a fan of it. She says she had been thinking about using it in her post for a long time. Now, the actress has mixed the song with her recent Instagram post, but she is still confused about its meaning. Preity Zinta seen with the "Punjab Kings" team - Preity Zinta shared some very stylish photos of herself on Instagram on Friday. In these, she is seen in a dark pink outfit. She is seen with her IPL team, Punjab Kings. Wearing a hat, she looks extremely cute. She also played the song "Baeran" along with the photos. She also asked people to help her figure out the meaning of the song. "Heard this amazing song a few days ago," Preity Zinta captioned it, "When the digital team at @punjabkingsipl takes your photos while you're traveling. Thank you for these photos. Lots of love. I found this fun Haryanvi song a few days ago and I had to use it. I don't know its meaning, but it sounds amazing. Maybe someone who speaks Haryanvi can help me." Preity Zinta's work front: "The song 'Baeran' was created by two brothers from Haryana, Sumit and Anuj. Sumit composed the song, while Anuj sang it." On the work front, Preity Zinta will be seen in the film "Lahore 1947." She will share the screen with Sunny Deol in this film.



# "Peddi" spoils Varun Dhawan's game! Makers release release date; will clash with these two films



-The release date of Ram Charan's upcoming film, "Peddi," has been announced. This has once again added to Varun Dhawan's troubles. Find out how? Fans have been waiting for South superstar Ram Charan's film "Peddi" for a long time. Now, on Friday, the makers announced its release date. The film will hit theaters on June 4, 2026. The makers of "Peddi" recently made the announcement on social media. Directed by Buchi Babu, the film was originally scheduled for release on April 30, but the makers postponed it due to the IPL. Now, the makers are preparing to release it as soon as the IPL ends. It will clash with "Bandar" and "Hai Jawani To Ishq Hona Hai."

The big thing is that this new release date for "Peddi" has added to the troubles of two films. Bobby Deol's film "Bandar" was scheduled to release in theaters on June 5th. Varun Dhawan's film "Hai Jawani To Ishq Hona Hai" is also releasing on the same day. The film stars Mrunal Thakur and Pooja Hegde alongside Varun Dhawan. The announcement of the new release date for "Peddi" has undoubtedly increased Varun and Bobby's anxiety. The shooting of Ram Charan's sports drama "Peddi" has been completed. Janhvi Kapoor will also be seen in the lead role alongside him in this film. Directed by Buchi Babu Sana, the film will release in theaters on June 4, 2026.

# "The more I work, the less it feels"; Deepika justifies long working hours amid the debate over eight-hour shifts

Actress Deepika Singh, of the TV serial "Diya Aur Baati," recently justified working long hours. She also explained why she does it and where she draws inspiration from. The issue of eight-hour shifts has been a hot topic in the industry for some time. It all started when Deepika Padukone reportedly demanded an eight-hour working shift from the makers of the film "Spirit." When no agreement was reached, Deepika left the film. Since then, many actors and heroines have spoken out on the subject and expressed their opinions. Amid the debate over eight-hour shifts, popular TV actress Deepika Singh recently justified her long working hours. Deepika joined the industry at the age of 24. Actress Deepika Singh recently attended an event where she spoke to paparazzi about her habit of working long hours. Deepika said, "When I joined the industry, I was 24 years old. Now, no matter how much I work, it feels like less." She further added, "I work 12 hours a day. If I feel there are scenes left, I even work 13 to 14 hours." "This is a creative field; it takes time," Deepika Singh added, "I am so passionate about my work that I don't see the importance of time. I feel that if we work fewer hours, the quality will decrease. The director won't have the time to shoot the scenes properly." When asked about people complaining about working 12 hours a day, Deepika said, "It's challenging when we have to devote time to our family. But we have to understand that this is a creative field; it takes time. The thing with us is that when we work, it's a lot." If it hadn't happened, it wouldn't have happened at all. She said, "I remember my first day for motivation." Deepika said, "Whenever I feel like I'm getting too much work, I remember my first day, when I came by train and now I'm going by flight. I think that I still have a lot to achieve. If I give up now, what will I do next?" Deepika Singh recently attended the birthday party of "Anupama" fame Rupali Ganguly. She shared the video of it on Instagram.

